## न्यूज ब्रीफ

### एफआईआर होते ही कोतवाली पहुंचा आरोपी, गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किशोरी को दिल्ली भगा ले जाने वाले युवक को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी पर आरोपी किशोरी को लेकर दिल्ली से मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचा था। पुलिस पीड़ित किशोरी का मेडिकल करा रही है। मोहनलालगंज के एक गांव में शनिवार रात 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। छानबीन के दौरान निगोहां के बकतौरीखेड़ा में रहने वाले सुभाष गुर्जर के इंस्टाग्राम एकाउंट पर लड़की की फोटो दिखी। इस पर किशोरी के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करायी। एफआईआर की जानकारी मिलते ही आरोपी गुरुवार को किशोरी को लेकर मोहनलालगंज कोतवाली पहुंच गया। वहां पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### खेत में लगी आग दमकल ने पाया काबू

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के अमावा गांव में शुक्रवार दोपहर एक खेत में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आग ने बगल में मौजूद जंगल को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वहां कुछ बबूल के पेड़ भी झुलस गए। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के तारों के टकराने से निकली चिंगारी बताया जा रहा है। इस घटना में सूबेदार की करीब 1.5 बीघा, ननके की 1.5 बीघा और पूतन की 1 बीघा पराली जलकर राख हो गई।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज स्थित प्रेरणा स्थल इलाके में शुक्रवार शाम पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। बसंतकुंज सेक्टर-पी निवासी मजदूर संजय सिंह (35) शुक्रवार सुबह घर से काम के लिए निकला था। शाम को घर वापस आते वक्त प्रेरणा स्थल के पास बाइक सवार ने संजय को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी कि वह उछलकर सड़क पर सिर के बल जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है।

### शराब पिलाकर महिला से किया दुष्कर्म

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र में शराब पिलाकर महिला को बंधक बनाकर युवक ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर धमकाया। मूल रूप से उन्नाव के हसनगंज निवासी पीड़ित 35 वर्षीया पत्नी के साथ थाना क्षेत्र में रहता है। पीड़ित ने बताया कि पत्नी शराब पीने की आदी है। पत्नी अक्सर इधर-उधर आती जाती रहती है। पीड़ित का कहना है कि 15 अप्रैल को सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी अभिमन्यु राजपूत उर्फ मन्ना ने उसकी पत्नी को दरोगा खेड़ा स्थित एक ढाबे पर शराब पिलाया। उसके बाद नशे की हालत में उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। होश आने पर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने धमकाया। पीड़िता ने घरवालों को आपबीती बतायी। उसके बाद 16 अप्रैल को सरोजनीनगर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया। आरोपी अभिमन्यु को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एसीपी कृष्णानगर को सौंपा मांग पत्र

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा स्थित प्रसाद हॉस्पिटल की चौथी मंजिल से गिरकर महिला की मौत के मामले में निगोहां प्रेस क्लब ने शुक्रवार को एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा से मुलाकात की। पीड़ितों ने मांग पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताते चलें कि बंथरा के किशुनपुर कौड़िया निवासी अक्षय दीक्षित उर्फ सनी की पत्नी व मोहनलालगंज के जबरौली निवासी पत्रकार धीरज तिवारी की बहन सीता दीक्षित बीते दिनों बंथरा थाना क्षेत्र के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती होकर अपना इलाज करा रही थी। तभी संदिग्ध हालत में उसकी मौत हो गई थी। अस्पताल प्रशासन और पुलिस ने चौथी मंजिल से गिरकर उसकी मौत होना बताया था। परिजन ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले में अधिवक्ता नीरज तिवारी ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# वर्ष 2023 में स्लम घोषित हो गई थी विकास नगर की झुग्गी बस्ती

## एलडीए ने तैयार किया था 300 ईडब्ल्यूएस आवास बनाकर परिवारों को पुनर्स्थापित करने का प्रोजेक्ट, नहीं मिल पाई थी जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकास नगर में आग लगने से राख हुई झुग्गी बस्ती को वर्ष 2023 में ही स्लम घोषित कर दिया था। यहां पर 300 ईडब्ल्यूएस आवास बनाकर परिवारों को पुनर्स्थापित के लिए एलडीए ने प्रोजेक्ट भी तैयार किया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने बस्ती वाली अपनी जमीन नगर निगम को हस्तांतरित नहीं की गई। जिससे प्रोजेक्ट लटक गया। जिस भूमि पर झुग्गियां बनी थीं, वह लोक निर्माण विभाग की है। विनायकपुरम नाम की इस मलिन बस्ती को वर्ष 2023 में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में नगर स्तरीय सक्षम प्राधिकारी समिति की बैठक में स्लम घोषित कर दिया गया था। इस बस्ती को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्व-स्थाने मलिन बस्ती पुर्नविकास नीति-2021 में चयनित भी कर लिया गया था। नगर निगम, डूडा समेत अन्य विभागों ने सर्वे करके बस्ती में करीब 300 परिवारों को पुनर्स्थापित करने की सूची तैयार की थी। इस आधार पर एलडीए को आवास निर्माण का प्रोजेक्ट सौंपा गया था। समन्वयक डूडा ने किया। एलडीए ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी के करीब 300 आवास निर्माण का डीपीआर तैयार करके समय पर भेज दिया था, लेकिन निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग ने नगर निगम को जमीन हस्तांतरित नहीं की। जमीन की उपलब्धता के लिए नगर आयुक्त और एलडीए ने पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों को पत्राचार भी किया था।

### दाखिल-खारिज कर दर्ज होनी थी जमीन

- लोक निर्माण विभाग को विभिन्न खसरा में .339, .088, .025, 263, .316, .071, .417 समेत 1.319 हेक्टेयर स्लम भूमि शहरी स्थानीय निकाय को निशुल्क देनी थी। साथ ही दाखिल-खारीज करके अभिलेखों में दर्ज करना था। ये प्रक्रिया स्टाम्प ड्यूटी से मुक्त है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में करीब 300 आवास पीपीपी मॉडल पर बनाए जाने थे।

"प्राधिकरण की तरफ से प्रोजेक्ट बनाकर भेजा गया था। इस पर अनुमति नहीं मिली। न ही जमीन उपलब्ध कराई गई।"
– **प्रथमेश कुमार**, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण

"ये परियोजना डूडा की है। इसके लिए जमीन डूडा को हस्तांतरित करना है। उच्च स्तर से प्रक्रिया होती है, जो चल रही है।"
– **सत्येंद्र नाथ**, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी

"स्लम बस्ती का डूडा के साथ कई विभागों ने सर्वे किया था। प्रोजेक्ट के लिए जमीन की उपलब्धता नहीं हो सकी।"
– **चंद्रकांत त्रिपाठी**, प्रभारी, पीओ डूडा।





भीषण अग्निकांड में राख हुई विकासनगर के विनायकपुरम सेक्टर-12 की झुग्गी बस्ती में पीड़ितों ने नए सिरे से जिंदगी शुरू कर दी है, तिरपाल के नीचे आग में बची गृहस्थी समेटती, बच्चे को भोजन कराती और सुलाती महिलाएं। अमृत विचार

### अग्निकांड के कारणों की जांच कर रही अग्निशमन और पुलिस की टीम

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिंग रोड स्थित विकासनगर में झुग्गी बस्ती में हुए अग्निकांड के कारणों की जांच अग्निशमन और पुलिस की टीम तीन दिनों से कर रही है। जांच कई बिंदुओं पर की जा रही है। जल्द ही रिपोर्ट में सारी हकीकत सामने आ जाएगी। इस मामले में बस्ती के लोग साजिश की बात कह रहे हैं। वहीं, पुलिस व अग्निशमन के अधिकारी शार्ट सर्किट बात कह रहे हैं। हालांकि इसकी पुष्टि कोई नहीं कर रहा है। विकासनगर सेक्टर झुग्गी बस्ती में बुधवार शाम हुए भीषण अग्निकांड में दो बच्चियों की जान चली गई। 200 से अधिक झोपड़ियां जलकर राख हो गई। रहने वाले परिवारों की गृहस्थी, रुपये और जेवर तक जल गए। अग्निकांड 100 से अधिक सिलेंडरों में ताबड़तोड़ विस्फोट हुए। जिला प्रशासन, दमकल, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में लग गई। हादसे के तीन दिन हो गए लेकिन अबतक आग के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। दमकल और पुलिस के जिम्मेदार खंभे से शार्ट सर्किट की आशंका जता रहे हैं। हालांकि अभी तक अधिकारिक रूप से कुछ स्पष्ट नहीं किया है। वहीं, बस्ती में रहने वाले लोग साजिश के तहत आग लगाए जाने की बात कह रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरकारी जमीन पर बसी बस्ती को खाली कराए जाने के लिए नोटिस भी दी गई थी। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक आग के कारणों की जांच की जा रही है। दमकल और पुलिस दोनों टीमें कर रही हैं।

# आह और कराह के बीच चल पड़ी जिंदगी

## करीब 100 पीड़ितों को नगर निगम ने कल्याण मण्डप और शेल्टर होम में ठहराया, भोजन भी दिया जा रहा

**विकासनगर अग्निकांड**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिंग रोड विकासनगर के विनायकपुरम सेक्टर-12 स्थित झुग्गी बस्ती अग्निकांड में राख झुग्गी बस्ती में आह और कराह के बीच शुक्रवार को फिर जिंदगी शुरू हो गई। राख में बचे अवशेषों और समाजसेवियों व राजनीतिक दलों की ओर से मिली मदद और कुछ जुगाड़ सहारे लोगों ने तिरपाल तानकर गुजर बसर शुरू कर दी है। भोजन और पानी की व्यवस्था नगर निगम और जिला प्रशासन की ओर से भी की जा रही है। आग्निकांड पीड़ितों को प्रशासन ने सर्वे भी शुरू करा दिया है। इससे पीड़ितों में कुछ राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

अग्निकांड के पीड़ितों को नगर निगम के कल्याण मण्डप और शेल्टर होम में आश्रय मिला है। गुरुवार देर शाम बस से जिला प्रशासन और नगर निगम ने शेल्टर होम में पहुंचाया। करीब 100 लोगों के रहने और खाने-पीने का नगर निगम इंतजाम कर रहा है। अग्निकांड स्थल पर जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवारों के लिए सहायता शिविर भी लगाया है। शिविर के जरिये भी परिवारों को खान-पान सामग्री और पेयजल आदि दिया जा रहा है। एडीएम पूर्वी महेंद्र पाल सिंह ने शिविर में व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों की सदर तहसीलदार के नेतृत्व और नायब तहसीलदार की देखरेख में लेखपालों पीड़ितों की सूची बना रहे हैं। सूची तैयार करने के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजी जाएगी। प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने और प्रधानमंत्री आवास देने का शासन से निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराके पात्रता जांची जाएगी।



भीषण अग्निकांड में राख हुई विकासनगर के विनायकपुरम सेक्टर-12 की झुग्गियों के अवशेष समेटने के बाद तिरपाल तानकर बनाए गए आशियाने। अमृत विचार

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर दो एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिंग रोड विकासनगर के विनायकपुरम सेक्टर-12 स्थित झुग्गी बस्ती में बुधवार को आग लग गई थी। सूचना पर पुलिस व अग्निशमन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत कार्य किया। आठ घंटे में काबू पा लिया। हादसे में दो बहनों की जान चली गई। इस मामले में कुछ लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आग से संबंधित अफवाह फैला रहे है। इसे सांप्रदायिक रुप देकर प्रसारित कर रहे हैं। इसके माध्यम से शहर का माहौल खराब करने की साजिश रची जा रही है। जानकारी होने पर विकासनगर पुलिस ने दो मामले दर्ज किए हैं।

एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक शुक्रवार को इंस्टाग्राम आईडी mdali10k (यूजर नेम Muhammadali) द्वारा 15 अप्रैल को विनायकपुरम सेक्टर-12 की झोपड़पट्टी में हुई आग की घटना को लेकर भ्रामक वीडियो पोस्ट किया गया है। जांच में पाया गया कि वीडियो में झूठे और भड़काऊ दावे किए गए हैं। संबंधित व्यक्ति ने वीडियो के माध्यम से सिलेंडर ब्लास्ट को लेकर गलत जानकारी दी और प्रधानमंत्री समेत अन्य नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। साथ ही वीडियो में अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए यूपी-बिहार के लोगों के खिलाफ भी टिप्पणी की गई। पोस्ट का उद्देश्य विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाना, लोगों को भड़काना और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करना है। वीडियो के जरिए दहशत फैलाने और लोगों को उकसाने का प्रयास किया गया। पोस्ट में कहा कि विकासनगर में 20 से 30 सिलिंडर ब्लॉस्ट हुआ था। पूरी दुनिया में खाना बनाने के लिए कितना दिक्कत हो रहा है, एक सिलिंडर भी ना मिल रहा है, लेकिन इधर झोपड़ी में रहने वाला गरीब लोग को मारने के लिए 20-30 सिलिंडर आ गये। कहां से आ गया सिलिंडर..। इसके बाद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के मुताबिक संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों और अन्य शामिल लोगों के रिपोर्ट दर्ज करने गई है।

# समय रहते बंद कर दी बिजली, तार गिरता तो जातीं सैकड़ों जानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बस्ती के ऊपर से निकली हैं 11 व 33 हजार वोट की लाइनें
- आग की चपेट में आकर 400 लाइन हो गई क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार:** विकास नगर की जो झुग्गी बस्ती में आग से राख हो चुकी है, उसके ऊपर से 11 और 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजरी हैं। बुधवार को बस्ती में भीषण आग लगने के बाद लपटें तारों को छूने लगी थी। अगर आग से नरम होकर तार टूटकर बस्ती में गिर जाते तो बहुत बड़ी जनहानि हो सकती थी। किंतु मौके पर मौजूद लोगों की सक्रियता से समय पर सूचना मिलने पर बिजली विभाग ने आपूर्ति बंद कर दी थी। आग की चपेट में आकर 400 मीटर से अधिक लंबी हाईटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। शुक्रवार बिजली विभाग के कर्मियों ने लाइन की मरम्मत का काम शुरू किया। बस्ती में मीटर लगाने और बिजली आपूर्ति में विभाग की लापरवाही जरूर सामने आई है। विभाग ने बस्ती में 18 प्रीपेड कनेक्शन जारी किए थे। इन 18 मीटरों से ही 250 से अधिक घरों में बिजली का उपयोग किया जा रहा था। ये भी जानकारी सामने आई है प्रत्येक महीने एक प्रीपेड मीटर से औसतन 15 हजार रुपये का रिचार्ज कराया जा रहा था। यह सामान्य तर्क से परे है कि मात्र दो किलोवाट के घरेलू कनेक्शन पर इतनी भारी-भरकम राशि का रिचार्ज कैसे हो रहा था। विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कभी यह जहमत नहीं उठाई कि इस ओवरलोडिंग और असामान्य खपत की जांच की जाए। ऐसे में क्या यह माना जाए कि मोटी रकम रिचार्ज के पीछे विभाग की मौन सहमति और भ्रष्टाचार का खेल चल रहा था।



लाइन की मरम्मत करता बिजली कर्मी।

### अग्निकांड की हो निष्पक्ष जांच

- संगीता ने कहा, आग बिजली के शार्ट सर्किट से लगी या अन्य कारणों से मुझे नहीं पता, उस समय मै घर के बाहर थी। आग में मेरा सबकुछ खत्म हो गया। आगे कैसे जिंदगी कटेगी, कुछ समझ में नहीं आ रहा।



- सुमित्रा ने कहा कि, आग कैसी लगी हम नहीं जानते, लेकिन इस आग ने लोगों को जीवन तबाह कर दिया। प्रशासन की ओर से सिर्फ जांच का आश्वासन दिया जा रहा है, राहत नहीं



- सुनीता ने कहा कि आग लगने की प्रशासन को निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। जांच में जो अधिकारी, और लोग दोषी पाए जाए उन सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस आग ने परिवारों को तबाह कर दिया है।




**वारदात** माल में घर की दीवार में लगायी सेंध, नकदी व जेवर साफ

# परिवार गया था तिलक में, घर में हुई लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तोड़े कैमरे, उठा ले गए डीवीआर बंथरा की घटना



**अमृत विचार:** बंथरा में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात को अंजाम देकर चोर सीसीटीवी कैमरे तोड़ने के बाद डीवीआर भी उठा ले गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं, माल थाना क्षेत्र में चोरों ने एक किसान के घर की दीवार में सेंध लगाकर नकदी व जेवर चोरी कर लिए।

बंथरा के खसरवारा गांव निवासी आनंद कुमार गुरुवार शाम को भांजी के तिलक समारोह में शामिल होने परिवार संग गए थे। देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वे वापस लौटे तो उन्होंने मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर गए तो सभी कमरों के ताले टूटे और सामान अस्त-व्यस्त मिला। यह देखकर पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित ने डॉयल-112 पर चोरी की सूचना दी। जानकारी मिलते ही बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने बताया कि चोर उनके घर से सोने-चांदी के जेवर, नकदी, कीमती सामान और घरेलू बर्तन ले गए। चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ने के साथ ही सीसीटीवी का डीवीआर भी उठा ले गए। पुलिस ने पीड़ित से तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। माल इलाके के भेलिया पुरवा माजरा कमालपुर लौधरा गांव निवासी राम बहादुर ने बताया कि गुरुवार को परिवार के सभी लोग गेहूं की फसल काटने गए थे। रात में परिवार के लोग खाना खाकर सो गए।

देर रात घर के पीछे कमरे की दीवार में सेंध लगाकर भीतर दाखिल हुए। चोरों ने बक्से में रखे सात हजार रुपये और सोने के जेवर चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह जब परिजन सोकर उठे तो दीवार में सेंध दिखी। माल पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जन्मदिन पार्टी में पड़ोसियों ने घर में घुसकर अधिवक्ता पर किया हमला

संवाददाता, गोसाईंगंज

- सिर व चेहरे पर लगी गंभीर चोट, आठ आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव में जन्मदिन पार्टी के दौरान पड़ोसियों ने धारदार हथियार व रॉड लेकर परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने अधिवक्ता पर वार कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मां की तहरीर पर आठ के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। कबीरपुर गांव निवासी नन्हकई पत्नी दिनेश ने बताया कि गुरुवार को दो वर्षीय पौत्र अथर्व का जन्मदिन था। रात पार्टी चल रही थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश में पड़ोस में रहने वाले आकाश, विकास, महेश, सुमन, गणेश, शिवानी, अर्चना व संतोष रॉड, बांका व डंडे लेकर घर में घुसे गए। विरोध करने पर आरोपियों ने मासूम के पिता शैलेश पर जानलेवा हमला कर दिया। पिटाई से शैलेश का सिर फट गया और चेहरे पर गंभीर चोटें आयी। बवाल के दौरान पार्टी में अफरा-तफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए।



अधिवक्ता शैलेश

पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। अधिवक्ता पर हमले की जानकारी मिलते ही दर्जनों अधिवक्ता गोसाईंगंज थाने पहुंचे। पुलिस ने घायल की मां की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ने फंदे से लटक कर दी जान

**अमृत विचार, पुरवा, उन्नाव :** पुरवा कोतवाली के टीकुर खुर्द गांव में विवाहिता ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फोरेंसिक जांच के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। टीकुरखुर्द गांव निवासी रानी (30) पत्नी मोहित का शव शुक्रवार की रात कमरे में उसका शव लटका देखा गया। उसकी शादी 8 साल पूर्व हुई थी। इस दौरान उसके 4 बच्चों की मौत हो गई। करीब 6 माह पूर्व उसने बेटी को जन्म दिया था। लेकिन वह भी नहीं बची। इसके बाद से वह मानसिक तनाव में रहती थी। कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष के लोग कर्नाटक में रहते हैं। उनकी तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच कर रही है।

### लापता किशोरी को ढूंढ कर परिजन को सौंपा

**अमृत विचार, बांगरमऊ, उन्नाव :** कोतवाली पुलिस ने बीते गुरुवार लापता हुई किशोरी को तलाश कर परिजनों को सौंपा है। बता दें कि बीती 16 अप्रैल को एक गांव निवासी किशोरी किसी परिचित के घर जाने की जिद कर रही थी। इस पर पिता ने उसे मना किया और डांट दिया तो वह नाराज होकर बिना बताए घर से चली गई। पिता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी अखिलेश पांडेय ने टीम गठित कर आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई। जिसमें एक पेट्रोल पंप पर लगे कमरे में उसके फुटेज मिले। इसमें किशोरी की लोकेशन मिलने पर पुलिस उसे गांव के ही एक घर से सुरक्षित बरामद कर कोतवाली लाई। जहां उससे परिजनों को सौंप दिया गया।

### शिक्षक के साथ 20 हजार की टप्पेबाजी

**अमृत विचार, हरदोई :** शिक्षक मेडिकल कालेज की सर्जिकल यूनिट में प्रधानाध्यापक का हाल लेने पहुंचा, उसने वहीं पास में बैग रख दिया, उसी बीच कोई टप्पेबाज़ 20 हज़ार रुपये निकाल कर भाग निकला, पुलिस वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालते हुए टप्पेबाज़ का पता लगा रही है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के सैय्यापुरवा निवासी प्रमोद टड़ियावां ब्लाक के सिविलियन विद्यालय राजेपुर शिक्षक हैं। शुक्रवार की दोपहर सड़क हादसे के शिकार हुए प्रधानाध्यापक अवध किशोर जोकि मेडिकल कालेज की सर्जिकल यूनिट में भर्ती है, का हाल जानने पहुंचा था। मेडिकल कालेज के पुलिस सहायता केंद्र में शिकायत करने पर सीसीटीवी कैमरें खंगालने पर देखा गया कि तीन लोग उसका पहले से उसका पीछा कर रहे थे, उन्ही तीन में से एक युवक मरीज़ के बेड के पास खड़ा है। पुलिस का कहना है कि शिक्षक का बैग वापस कर दिया गया, जबकि शिक्षक का कहना है कि बैग में रखे उसके 20 हज़ार रुपये उसे नहीं मिले, फिलहाल पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित कार खाई में गिरी

**अमृत विचार, शुक्लागंज/उन्नाव :** शुक्रवार दोपहर पोनी रोड से हाईवे की ओर जा रही एक कार पीपर खेड़ा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इसमें कार सवार 4 लोग बाल-बाल बच गए। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क से उतरकर नीचे जा गिरी। हादसा देख आसपास के लोग पहुंचे और सभी सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को मामूली चोटें आईं। जिन्हें अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। जिससे यह दुर्घटना हुई। गनीमत रही कि कोई गंभीर घायल नहीं हुआ। बाद में सभी चले गए।

# नए आदेश तक वनवासियों के अधिकार बहाल

विधि संवाददाता, लखनऊ

- थारू जनजाति के वन अधिकार मामले में हाईकोर्ट ने जिला स्तरीय समिति के आदेश को किया निरस्त

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखीमपुर खीरी के वन अधिकार मामले में जिला स्तरीय समिति के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि याचियों के दावों पर पुनः सुनवाई कर समयबद्ध ढंग से नया आदेश पारित किया जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक नया आदेश पारित नहीं हो जाता, तब तक याची अपने मौजूदा वन अधिकारों का उपयोग पूर्ववत करते रहेंगे।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने उदासा व 106 अन्य की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के याची लखीमपुर खीरी के पलिया कलां क्षेत्र के निवासी हैं और थारू जनजाति से संबंधित हैं, जिन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। याचियों ने 15 मार्च 2021 के उस आदेश को चुनौती




दी थी, जिसमें उनके सामुदायिक वन अधिकारों के दावों को खारिज कर दिया गया था। न्यायालय ने सुनवाई के बाद पाया कि जिला स्तरीय समिति ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 की मंशा और प्रावधानों पर समुचित विचार नहीं किया और मात्र वर्ष 2000 के सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के आधार पर निर्णय दे दिया। न्यायालय ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य वनवासियों के पारंपरिक अधिकारों को मान्यता देना और उनकी आजीविका व खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने माना कि ऐसे वनवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना कानून का मूल उद्देश्य है। कोर्ट ने संबंधित प्राधिकरण को आदेश दिया कि याचियों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाए और सभी तथ्यों व अभिलेखों पर विचार करते हुए आदेश पारित किया जाए।

# मंगेतर की मौत पर युवती ने भी दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- गुरुवार को युवक ने फंदा लगाकर कर ली थी खुदकुशी नवंबर में होनी थी शादी

**अमृत विचार:** मंगेतर की मौत से आहत युवती उसका शव देख परिजनों के साथ घर लौटी और रात में कीटनाशक निगल लिया। उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां देररात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए।

अचलगंज थानांतर्गत राजापुर गांव निवासी कोमल (22) पुत्री संतोष की शादी क्षेत्र के गौरी त्रिभनानपुर गांव निवासी सूरज से तय थी। बीती 16 फरवरी को



कोमल का फाइल फोटो

मंगनी व वरीक्षा हुई थी। नवंबर में शादी होनी थी लेकिन अभी तिथि तय नहीं हुई थी। गुरुवार दोपहर सूरज ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इसकी खबर पर कोमल परिजनों के साथ सूरज के घर गई थी। जहां से शव मोर्चरी जाने के बाद वह घर लौटी और रात में कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लोहचा लाया गया। जहां से उसे जिला रेफर किया गया। लेकिन परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देर रात डेढ़ बजे उसकी मौत हो गई। इसकी खबर से मां शिवकांती, छोटी बहनें काजल, सुनैना व भाई शिवम बेहाल रहे। पुलिस ने कार्रवाई कर शुक्रवार को पहले सूरज फिर कोमल का पोस्टमार्टम कराया। कोमल के शरीर में जहर मिलने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

# नई न्यूनतम मजदूरी दरों को मिली कानूनी मंजूरी

## सरकार के निर्णय पर राज्यपाल की मुहर, नोटिफिकेशन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गौतमबुद्धनगर

- नोएडा प्रकरण के बाद सरकार का हस्तक्षेप, तीन श्रेणियों में लागू हुई नई मजदूरी दरें
- 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी नई दरें, महंगाई भत्ते के साथ वेतन का निर्धारण

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्यभर में न्यूनतम मजदूरी दरों में संशोधन कर बड़ा निर्णय लिया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद जारी अधिसूचना के साथ नई दरें अब कानूनी रूप से प्रभावी हो गई हैं और पूरे प्रदेश में बाध्यकारी होंगी।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हालिया श्रमिक-नियोक्ता विवाद के बाद सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। इस समिति की अध्यक्षता अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने की। समिति में श्रमिकों और नियोक्ताओं के प्रतिनिधियों को शामिल कर संतुलित समाधान तैयार किया गया।

सिफारिशों के आधार पर प्रदेश को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। प्रथम श्रेणी में गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर को रखा गया है, जहां जीवन-यापन लागत अधिक है। यहां अकुशल श्रमिकों के लिए 13,690 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 15,059 रुपये और कुशल श्रमिकों के लिए 16,868 रुपये मासिक न्यूनतम मजदूरी तय की गई है।

द्वितीय श्रेणी में नगर निगम वाले अन्य जिलों को शामिल किया गया है, जहां क्रमशः 13,006, 14,306 और 16,025 रुपये की दरें निर्धारित हैं। तृतीय श्रेणी में शेष जिलों के लिए 12,356, 13,590 और 15,224 रुपये की मजदूरी तय की गई है। इन सभी दरों में मूल वेतन के साथ परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) शामिल है।

सरकार के अनुसार, 2019 और 2024 में प्रस्तावित संशोधन लागू न होने से मजदूरी में अंतर बढ़ गया था। अब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर लंबित पुनरीक्षण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य श्रमिकों को राहत देने के साथ औद्योगिक शांति बनाए रखना और उत्पादन चक्र को सुचारु रखना है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नई दरों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।




प्रयागराज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 संबंधी कार्यक्रम में सम्मानित की गई महिलाओं के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

### संदिग्ध हालात में छात्रा ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**अमृत विचार, हरदोई:** छात्रा ने अपने घर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली, हालांकि घर वाले कुछ बोल नहीं पा रहे है, वहीं गांव वाले इसे प्रेम-प्रसंग से जोड़ रहे हैं, कहा जा रहा है कि घर वालों के डांटने-फटकारने पर उसने ऐसा किया। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के असगरपुर निवासी प्रमोद कुमार की 16 वर्षीय पुत्री नैना जोकि पढ़ाई कर रही थी, ने गुरुवार को अपने घर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ की।

### फरियादी से अभद्रता में एसआई हुआ निलंबित

**अमृत विचार, हरदोई:** भूमि विवाद की शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी को चप्पल बाहर उतारकर आने की बात कहते एसआई ने धक्का मुक्की व अभद्रता की। कछौना कोतवाली में तैनात एसआई शिवबाबू की इस हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही एसपी अशोक कुमार मीणा ने उन्हे निलंबित करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। कछौना कोतवाली का है, बुधवार को मड़िया मजरा कलौली निवासी बुज़ुर्ग राकेश ज़मीन के मसले की शिकायत ले कर कोतवाली पहुंचा था।

### पानी पीने गई किशोरी की पंपिंग सेट में फंस कर मौत

**अमृत विचार, हरदोई:** ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी कर रहे परिवार की एक 13 वर्षीय किशोरी वहां चल रहे पम्पिंग सेट पर पानी पीने पहुंची, जहां उसका कुर्ता व्हील में फंस गया, जिससे उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। लखीमपुर खीरी ज़िले के कहिमारा थाना मोहम्मदी निवासी मुश्ताक बेहटा गोकुल थाने के खेरिया ईंट-भट्ठे पर मज़दूर है और अपने परिवार के साथ वहीं रहता है। गुरुवार को ईंट-भट्ठे के बगल में पम्पिंग सेट चल रहा था, उसी बीच मुश्ताक की 13 वर्षीय पुत्री सैफरीन वहां पानी पीने पहुंची थी। जहां उसका कुर्ता पम्पिंग सेट की व्हील में फंस गया।

# ईंधन आपूर्ति सामान्य, कालाबाजारी के खिलाफ कसा शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गौतमबुद्धनगर

- 12 मार्च से अब तक 29,607 छापे, एलपीजी वितरण से जुड़े 39 मामलों समेत कुल 220 से अधिक एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ कालाबाजारी पर कड़ा शिकंजा कसा है। मुख्य सचिव स्तर के निर्देशों के बाद 12 मार्च से अब तक 29,607 छापे और निरीक्षण किए गए हैं। इस दौरान 220 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं, जिनमें एलपीजी से जुड़े 39 मामले शामिल हैं। 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 261 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है।

सरकार के अनुसार, प्रदेश में ईंधन की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है। राज्य के 12,888 पेट्रोल पंपों के माध्यम से उपभोक्ताओं को लगातार पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 82 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 1.05 लाख किलोलीटर डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक बाइंग से बचें।

एलपीजी आपूर्ति भी पूरी तरह सुचारु बताई गई है। 4,107 गैस वितरकों के जरिए उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। होटल, ढाबा और उद्योगों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

इसके साथ ही सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। 14 मार्च 2026 के बाद से 51,548 नए पीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं, जिससे कुल संख्या 16 लाख से अधिक हो गई है। निगरानी के लिए 24×7 कंट्रोल रूम भी सक्रिय है।

### भक्तों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**अमृत विचार, शुक्लागंज, उन्नाव :** वैशाख माह की अमावस्या पर शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। इसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। अमावस्या पर नगर के अलावा उन्नाव आदि स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया।

### अनुदेशक ने जहरीला पदार्थ खाया, अस्पताल में हुई मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** संविलियन विद्यालय में तैनात अनुदेशक ने घर पहुंच कर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अनुदेशक के आत्महत्या करने के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

शहर के सिनेमा रोड निवासी 35 वर्षीय अमित पाण्डेय बावन ब्लाक के संविलियन विद्यालय बरसोहिया में अनुदेशक थे। बताते हैं कि गुरुवार की शाम अमित घर पहुंचा, उसके कुछ ही देर बाद उसे उल्टियां होने लगी, घर वाले उसे लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज के डाक्टरों का कहना है कि सल्फास जैसी कोई गंधदार चीज़ खाने से हालत बिगड़ी और उसी में मौत हुई।

# इंटरनेशनल योग-वेलनेस सेंटर के निर्माण को लेकर तैयारी तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन में निवेशकों और संस्थानों ने दिए सुझाव

**अमृत विचार :** उप्र. के बागपत में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय योग एवं वेलनेस सेंटर को धरातल पर उतारने की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को लखनऊ स्थित पर्यटन भवन में आयोजित 'स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन' में सरकार, निवेशकों और विशेषज्ञों ने इस मेगा प्रोजेक्ट के विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया।

बैठक में ईशा फाउंडेशन सहित देश के प्रमुख योग, नेचुरोपैथी और वेलनेस संस्थानों के 20 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए। सरकार ने स्पष्ट किया कि यह प्रोजेक्ट 'जनता का और जनता के लिए' समर्पित होगा। इस दौरान निवेशकों और विशेषज्ञों ने राज्य सरकार की पर्यटन नीति, रियायतों और जमीन अधिग्रहण जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने सभी प्रश्नों का जवाब देते हुए निवेशकों को नीतिगत प्रावधानों और सुविधाओं की जानकारी दी।

**योग, आयुर्वेद और आधुनिक सुविधाओं का होगा संगम :** बागपत के हरिया खेड़ा गांव में 150 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनने वाला यह वेलनेस सेंटर आधुनिक और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का संगम होगा। परियोजना में 2,000-3,000 क्षमता का योग हॉल, ओपन योग एरीना, ध्यान केंद्र, 200 बेड का अस्पताल और 1,500 बेड की डॉर्मिटरी विकसित की जाएगी।

# स्कूल बने जल संरक्षण के केंद्र

## प्रदेश में 'जल पखवाड़ा' जागरूकता अभियान शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छात्रों में विकसित होगी जल बचत की आदत
- प्रतिदिन गतिविधियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग अनिवार्य

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुक्रवार से प्रदेश में जल संरक्षण अभियान 'जल पखवाड़ा' शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत प्रदेशभर के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों से हुई है। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाना है।

यह अभियान 30 अप्रैल 2026 तक 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन' के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति व्यवहारिक आदत विकसित की जा रही है।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि विद्यालयों को इस अभियान का केंद्र बनाया गया है, जिससे जल संरक्षण की सोच घर-घर तक पहुंचे। विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में 'जल शपथ' दिलाई जा रही है तथा जल संरक्षण विषय पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें जल निगम, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग लिया जा रहा है।

विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर पेयजल स्रोतों एवं जल भंडारण स्थलों की साफ-सफाई कराई जा रही है तथा जल गुणवत्ता की जांच भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त फोटो प्रदर्शनी एवं जनजागरूकता गतिविधियों से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा, सभी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इस अभियान को गंभीरता से संचालित करें।

### नारी वंदन अधिनियम सर्वसहमति से पास किया गया था : डिंपल यादव

**अमृत विचार, लखनऊ:** मैनपुरी से सपा सांसद डिम्पल यादव ने कहा है कि सत्ता पक्ष जिस तरह की भूमिका बना रहा है उससे लगता है विपक्ष महिला आरक्षण के साथ नहीं है। जब 2013 में नारी वंदन अधिनियम सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने मिलकर सर्वसहमति से पास किया था। भाजपा सरकार



महिला आरक्षण से सम्बन्धित जो संशोधन लाई है, उसके पीछे सरकार की मंशा क्या है ? क्या सरकार महिलाओं का वाकई सशक्तिकरण चाहती है या इस विधेयक को लाकर खुद के सशक्तिकरण की तरफ काम कर रही है।

डिंपल यादव ने शुक्रवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि पहले जनगणना हो, फिर परिसीमन व्यवस्था लागू हो, फिर आरक्षण लागू हो। इस पर सभी सहमत हैं।

# चंद्रयान-4 मिशन में इसरो की चंद्रमा से सैंपल लाने की तैयारी

## बरेली पहुंचे इसरो निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा- स्पेस टेक्नोलॉजी से जलवायु निगरानी और आपदा प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अहम बात**

- हिमालयी ग्लेशियर, बाढ़ और बिजली गिरने पर सैटेलाइट से सटीक निगरानी
- सैटेलाइट के माध्यम से कृषि, बीमा, पराली जलाने पर डेटा आधारित फैसले
- भारत के चंद्रयान-4 व 5 मिशन से अंतरिक्ष अनुसंधान को मिलेगी नई दिशा

**अमृत विचार:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) हैदराबाद के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा है कि चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा से सैंपल पृथ्वी पर लाने की तैयारी है, जो अत्यंत जटिल होगा। चंद्रयान-5 संयुक्त मिशन के रूप में प्रस्तावित है, जिसमें लैंडर भारत विकसित कर रहा है और रोवर अंतरराष्ट्रीय (जापान) के सहयोग से तैयार होगा।

रोटरी कलब ऑफ बरेली के 75वें चार्टर दिवस समारोह में पहुंचे इसरो निदेशक डॉ. चौहान ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के बीच स्पेस टेक्नोलॉजी देश भरोसमंद समाधान बनकर उभरी है। सैटेलाइट निगरानी से अब ग्लेशियर पिघलने से लेकर बाढ़, बिजली गिरने, जंगल में आग जैसी घटनाओं पर रियल टाइम नजर रखी जा रही है। निकट भविष्य में आपदा प्रबंधन और जलवायु संकट से निपटने की पूरी रणनीति स्पेस टेक्नोलॉजी पर ही आधारित होगी। स्वदेशी सिस्टम में क्षेत्रीय उपग्रह नेविगेशन प्रणाली देश को आत्मनिर्भर बना रहा है। पोजीशन, नेविगेशन और टाइमिंग सेवाएं मिल रही हैं। सैटेलाइट डेटा ने निर्णय प्रक्रिया को त्वरित बनाया है। हिमालयी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने का जुनून ही अलग

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शुरुआती दौर में कई देशों से आकर्षक नौकरी प्रस्ताव मिले थे। जर्मनी में काम भी किया मगर दिल अपने देश में था और लौट आए। आज की पीढ़ी बेहतर लाइफस्टाइल और उच्च वेतन को प्राथमिकता देती है। जो निजी क्षेत्र में अधिक मिलते हैं, फिर भी अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने का जुनून और देश सेवा की भावना ही सबसे बड़ी प्रेरणा है। युवाओं को उच्च तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार मिल रहा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कृषि विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम खंडेलवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा उपस्थित रहे।



डॉ. प्रकाश चौहान

### ग्लैशियर-नदियों के साथ भविष्य के जल पर नजर

उन्होंने बताया कि पिघलते ग्लैशियर, नदियों के जलस्तर की सैटेलाइट निगरानी से भविष्य जल उपलब्धता का आकलन संभव हो पा रहा है। ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड (ग्लाफ) जैसी आपदाओं की पहचान कर अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित किए जा रहे हैं, ताकि समय रहते लोगों को सुरक्षित किया जा सके। यूपी में आकाशीय बिजली से नुकसान कम करने को जोखिम आधारित मैपिंग और अलर्ट सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो पूर्व चेतावनी देगा। सैटेलाइट तकनीक से फसल क्षेत्र, उत्पादन अनुमान, कटाई और पराली जलाने की घटनाओं की सटीक जानकारी मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पारदर्शिता आई है। भूवन पोर्टल से पंचायत स्तर तक जियो-टैग्ड डेटा उपलब्ध है। मनरेगा कार्य, गांव में बनी सड़क, तालाब, सोलर प्लांट सबकी जानकारी सार्वजनिक है। इन-स्पेस और इसरो के सहयोग से सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल दिया है। कि इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस पृष्ठभूमि के युवा अब स्टार्टअप के माध्यम से सैटेलाइट निर्माण, डेटा विश्लेषण और अंतरिक्ष सेवाओं में काम कर रहे हैं। हैदराबाद और देहरादून में प्रशिक्षण और क्षमता विकास कार्यक्रम चल रहे हैं। स्पेस सेक्टर में निजी भागीदारी बढ़ने से 200 से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हुए हैं।

# इकलौते बेटे ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, बिलग्राम/हरदोई

- कुछ माह पहले सड़क दुर्घटना में पिता की हो चुकी थी मौत
- मां व दो बहनों का इकलौता सहारा था



मृतक अमन की फाइल फोटो

**अमृत विचार:** क्षेत्र के मोहल्ला खतराना में शुक्रवार को युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अमन (27) पुत्र विपिन बिहारी दीक्षित गुरुवार की रात अपने कमरे में सोने गया था। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे उसकी मां जब उसे जगाने कमरे में पहुंची तो वह पंखे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर मां की चीख निकल गई और परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार, अमन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। उसकी मां आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं। कुछ माह पहले पिता की दुर्घटना में मौत हो गई थी, जिसके बाद वह सदमे में चला गया था और धीरे-धीरे शराब का आदी हो गया था। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

### जांच टीम के सामने भिड़े प्रधान व पूर्व प्रधान

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरी खुर्द में विकास कार्यों की जांच करने पहुंची टीम के सामने ही शुक्रवार को प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें छह से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। जानकारी के अनुसार, गांव के शिव शंकर, अनिल कुमार व फूलचंद आदि ने मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों में अनियमित भुगतान की शिकायत जिलाधिकारी आलोक कुमार से की थी। डीएम के निर्देश पर मामले की जांच डीएसटीओ व भूमि संरक्षण विभाग के अवर अभियंता को सौंपी गई थी। इसी क्रम में शुक्रवार को जांच टीम गांव पहुंची थी। आरोप है कि जांच के दौरान ही दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद विवाद हिंसक हो गया। एक पक्ष के दिनेश कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्षीगण लाठी-डंडा व धारदार हथियार लेकर पहुंचे और हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोगों को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।

# पिता के पास रह रहे बच्चों की कस्टडी अवैध नहीं : हाईकोर्ट

## नाबालिग बच्चों की अभिरक्षा से जुड़े मामले में सुनवाई में की टिप्पणी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्चों की अभिरक्षा से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि केवल इस आधार पर कि मां का आरोप है कि पिता बच्चों को जबरन अपने साथ ले गया, यह नहीं माना जा सकता कि बच्चों की अभिरक्षा (कस्टडी) अवैध है। कोर्ट ने माना कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक असाधारण संवैधानिक उपाय है, जिसका प्रयोग तभी किया जा सकता है, जब बच्चे की हिरासत पूरी तरह अवैध या कानून के विरुद्ध हो। माता-पिता के बीच कस्टडी विवाद को इस रिट के माध्यम से सामान्य रूप से नहीं सुलझाया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति अनिल कुमार-दशम की एकलपीठ ने अंजली देवी व अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

मामले के अनुसार याची/माता का विवाह वर्ष 2010 में हुआ था और उससे दो बच्चे हुए। वैवाहिक संबंधों में विवाद के बाद वर्ष 2022 में पिता कथित रूप से बच्चों को अपने साथ ले गया, जिसके बाद से दोनों नाबालिग पिता के पास रह रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया कि बच्चों को जबरन ले जाया गया और उनकी कस्टडी अवैध है, इसलिए उन्हें कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर मां को सौंपा जाए। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए रेखांकित किया कि ऐसे मामलों में कार्यवाही तभी की जा सकती है, जब यह स्पष्ट रूप से स्थापित हो जाए कि बच्चे को किसी ऐसे व्यक्ति के पास रखा गया है, जिसे कानूनन उसकी अभिरक्षा का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हिंदू अल्पसंख्यक एवं अभिभावक अधिनियम, 1956 के तहत पिता एक प्राकृतिक अभिभावक है। ऐसे में यदि बच्चा पिता के पास रह रहा है, तो केवल केवल माता-पिता के बीच आपसी विवाद या असहमति के आधार पर इसे अवैध हिरासत नहीं माना जा सकता, जब तक किसी सक्षम न्यायालय का विपरीत आदेश न हो, पिता द्वारा बच्चे को अपने पास रखना आपराधिक कृत्य नहीं माना जाएगा।

### युवाओं के बीच धार्मिक उन्माद चिंता का विषय

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद में दर्ज धर्म परिवर्तन के प्रयास से जुड़े मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए संबंधित प्राथमिकी निरस्त करने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अधिनियम, 2021 ऐसे उभरते सामाजिक विकार को रोकने के लिए बनाया गया है, जहां धर्म का प्रचार-प्रसार न होकर उसे दूसरों पर थोपा जाता है, विशेषकर युवाओं के बीच इस प्रकार की प्रवृत्तियां चिंताजनक हैं और ऐसे मामलों में न्यायालय को सतर्क दृष्टिकोण अपनाना होगा। पीड़िता के बयान और जांच में जुटाए गए साक्ष्य प्रथम दृष्टया गंभीर आरोप दर्शाते हैं, जिनकी गहन जांच आवश्यक है।

### आशंका के आधार पर हिरासत में नहीं रख सकते

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** हाबाद हाईकोर्ट ने निरोधात्मक हिरासत से जुड़े मामले में स्पष्ट किया कि ऐसे कठोर उपाय केवल औपचारिक या यांत्रिक संतुष्टि के आधार पर नहीं किए जा सकते हैं। किसी व्यक्ति को केवल आशंकाओं के आधार पर हिरासत में नहीं रखा जा सकता है। यदि निरुद्धि आदेश में ठोस कारण, विश्वसनीय सामग्री और स्पष्ट आधार दर्ज नहीं हैं, तो ऐसा आदेश असंवैधानिक माना जाएगा। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने अमित सिंह की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर उनके खिलाफ पारित निरुद्धि आदेश को अवैध ठहराते हुए उन्हें तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया।

# मुआवजा दिए बिना किसानों से उनकी भूमि से अधिकार छीनना अस्वीकार्य

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किसानों को राहत देते हुए स्पष्ट किया कि उच्च वोल्टेज बिजली लाइनों के लिए बिना भूमि अधिग्रहण किए यदि किसानों की जमीन पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं और उसकी उपयोगिता व मूल्य घटता है, तो बिना मुआवजे ऐसा करना अस्वीकार्य है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों को "चुनिंदा तरीके" से लागू नहीं कर सकती और प्रभावित भूमिधरों को समुचित मुआवजा देना अनिवार्य है।

- राज्य सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों को "चुनिंदा तरीके" से लागू नहीं कर सकती

यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने भुल्लन सिंह व तीन अन्य याचियों की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार शामली जिले में याचियों की कृषि भूमि पर 220 केवी की हाई टेंशन ट्रांसमिशन लाइन बिछाई गई, जिससे फसल, पेड़ों और भूमि के मूल्य को नुकसान हुआ। याचियों को पेड़ों व फसलों के लिए आंशिक मुआवजा तो दिया गया, लेकिन 'राइट ऑफ वे' (आरओडब्ल्यू) कॉरिडोर क्षेत्र के लिए कोई मुआवजा नहीं दिया गया, जबकि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश इसके लिए भी मुआवजा निर्धारित करते हैं। कोर्ट ने पाया कि केंद्र सरकार के 14 जून 2024 के दिशा-निर्देशों के अनुसार टावर बेस के लिए 200% और आरओडब्ल्यू कॉरिडोर के लिए 30% तक मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार केवल पुराने 2015 के आदेश को आंशिक रूप से लागू कर रही है और नए प्रावधानों को नजरअंदाज कर रही है।

कोर्ट ने सरकार के इस उदासीन रवैया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि ट्रांसमिशन लाइन बिछाने से भूमि का मूल्य स्थायी रूप से कम हो जाता है और उस पर निर्माण व अन्य उपयोग पर प्रतिबंध लग जाता है, जिससे भूमिधर अपने अधिकारों से वंचित हो जाते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लागू करने में राज्य सरकार मनमानी नहीं कर सकती। यदि एक दिशा-निर्देश लागू किया गया है, तो दूसरे को नजरअंदाज करना किसानों के साथ अन्याय है।

# राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगी मुक्कों का दम

**संवाददाता, कुशीनगर**



अपने कोच राजेश गुप्ता व क्लब के पदाधिकारियों के साथ मुक्केबाज आकांक्षा कुशवाहा और तेजस्विनी गुप्ता। अमृत विचार

- भारतीय खेल प्राधिकरण में हाटा की दो महिला मुक्केबाज खिलाड़ियों का चयन

**अमृत विचार:** जिले के लिए गर्व की बात है कि दो प्रतिभाशाली महिला मुक्केबाजों का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। हाटा आर के बॉक्सिंग क्लब एवं स्पोर्ट्स अकैडमी मे प्रशिक्षण रत खिलाड़ी आकांक्षा कुशवाहा पुत्री रामप्रवेश कुशवाहा अंबेडकर नगर वार्ड नंबर 10 एवं निवासी तेजस्विनी गुप्ता पुत्री दीप नारायण गुप्ता सुकरौली बागुची देवरिया निवासी का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण बीएचयू 2026-27 हेतु वाराणसी में चयन हुआ है। इनका चयन 2025 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में उच्च प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। जिला खेल अधिकारी रवि निषाद नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह, श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज हाटा के प्रबंधक अविनाश मिश्र, क्लब के अध्यक्ष डॉ बीके सिंह, उपाध्यक्ष हाजी सद्दाब खान, कोषाध्यक्ष विनोद जायसवाल, समाजसेवी प्रमोद पाण्डेय, इनके कोंच राजेश कुमार गुप्ता, जिला मुक्केबाजी संघ के सचिव पंकज शर्मा, जिला खेलो इंडिया कोच धीरेंद्र प्रताप सिंह,सहित अन्य ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## ककरहवा साप्ताहिक बाजार में उमड़ी भारी भीड़

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा पर नेपाल सरकार द्वारा भंसार (कस्टम) नियमों में हालिया सख्ती का असर अब सीमावर्ती क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगा है। ककरहवा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान इस बार असामान्य रूप से भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरे बाजार क्षेत्र में घंटों जाम की स्थिति बनी रही। बाजार में खरीदारी के लिए आए लोगों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, नेपाल की ओर से कस्टम नियम कड़े किए जाने के कारण सीमापार से आने-जाने वाले लोगों ने पहले ही आवश्यक सामान खरीदना शुरू कर दिया है, जिससे बाजार में लोगों की भारी भीड़ बढ़ गयी। भीड़ के चलते सड़कों पर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, वहीं यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई प्रशासन ने काफी मशक़्क़त कर स्थिति को संभाला। स्थानीय दुकानदारो ने नेपाल सरकार से मांग की है की सीमाई इलाकों मे भंसार नियम सख्त ना किया जाये।

- भारत-नेपाल सीमा पर नेपाल सरकार द्वारा भंसार (कस्टम) नियमों में सख्ती का दिखा असर



ककरहवा बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## परिषदीय विद्यालयों के समय में किया परिवर्तन

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** भीषण गर्मी को देखते हुए जनपद के परिषदीय विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। अब विद्यालय शनिवार से सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होंगे। इस निर्णय से विद्यार्थियों को तेज धूप और लू से राहत मिलने की उम्मीद है। विद्यालय समय परिवर्तन के लिए एमएलसी प्रतिनिधि इंजीनियर सुधांशु सिंह और विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उनके प्रयासों के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने छात्रों के हित में यह निर्णय लिया। बढ़ते तापमान के कारण बच्चों को विद्यालय आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

# याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर

**बढ़नी,सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** स्थानीय डॉकबंगले पर 'चन्द्रशेखर जी के लोग' नामक संगठन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के जन्म शताब्दी समारोह के क्रम में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

बढ़नी डाक बंगले पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता मु. इब्राहिम ने कहा कि बलिया जिले में एक किसान परिवार में जन्मे चंद्रशेखर जी राजनीति में शुचिता के समर्थक और परिवारवाद के घोर विरोधी थे,लोग उन्हें 'युवा तुर्क' तथा 'दाढ़ी वाले बाबा' के नाम से जानते थे।वे एक निर्भीक राजनेता थे,सन 1990 में उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश की कमान भी संभाली और सन 1995 में उन्हें 'आउटस्टैंडिंग पार्लियामेंटेरियन अवार्ड' से सम्मानित भी किया गया था। जन्म शताब्दी वर्ष के क्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में युवा नेता जावेद खान, किसान नेता गयासुद्दीन खान, मसूद अजहर, कर्तव्य यादव, शकील शाह, फैजान, दशरथ आदि उपस्थित रहे।



पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के जन्म शताब्दी समारोह के क्रम में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मौजूद लोग।

## थाना भवानीगंज में तीन बाइकों की हुई नीलामी

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** आपरेशन क्लीन के अन्तर्गत थाना भवानीगंज पर 3 वाहनों की नीलामी कराकर जीएसटी कुल 16,520 के राजस्व की प्राप्ति की गई। प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विष्णु प्रताप नायब तहसीलदार, बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज एवं मुजफ्फर हुसैन सिद्दिक पीटीओ सिद्धार्थनगर की गठित कमेटी द्वारा कुल 3 मुकदमाती मोटर साइकिल की नीलामी थाना भवानीगंज परिसर में विधि सम्मत तरीके से करायी गयी। जिससे कुल नीलामी की धनराशि 16,520 का राजस्व प्राप्त हुआ।

# बसपा के पूर्व विधायक ताबिश खान व उनके भाई को तीन साल की सजा

**संवाददाता, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार।** धर्मसिंहवा थाने में 10 वर्ष पूर्व में हुए मारपीट, तोड़फोड़ और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में सीजेएम/विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को बसपा के पूर्व विधायक मोहम्मद ताबिश खान और उनके भाई को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर एक माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

विशेष लोक अभियोजन फौजदारी अच्युतानंद शुक्ला के अनुसार, वादी कांस्टेबल कमाल अहमद खान ने थाना धर्मसिंहवा में तहरीर दी थी, बताया कि 26 जनवरी 2016 को ड्यूटी पर मौजूद थे। उसी दौरान पूर्व विधायक ताबिश खान अपने भाई इफ्तेखार और 20-25 समर्थकों के साथ थाने पहुंचे। आरोप है कि बातचीत के दौरान ताबिश खान और उनके समर्थकों ने अपशब्द कहते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। विरोध करने पर कांस्टेबल का कॉलर पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान वर्दी फाड़ दी गई और बिल्ला भी नोच लिया गया। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद थाना धर्मसिंहवा में मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी की गई और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों ने आरोपों से इनकार किया, लेकिन अदालत ने गवाहों के बयान, साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलों के आधार पर उन्हें दोषी ठहराया।

## भारतीय रेलवे के ढांचागत, तकनीकी और वित्तीय मामलों हुए हैं बदलाव

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक राष्ट्रीय प्रकाशन में लिखते हुए बताया कि हर दिन, भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े और सबसे जटिल रेल नेटवर्कों में से एक पर दो करोड़ से ज्यादा यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाती है; इसके लिए यह रोज़ाना 14,000 से ज़्यादा यात्री सेवाओं के तहत 25,000 से ज़्यादा ट्रेनें चलाती है। दशकों तक, रेल से जुड़ी आम चर्चा का केंद्र विस्तार और कनेक्टिविटी ही रहा। हालाँकि, 2014 के बाद से, एक बुनियादी नीतिगत बदलाव के तहत सुरक्षा को सभी कार्यों के केंद्र में रखा गया। इसके नतीजे, जो अब ठोस आंकड़ों में साफ़ दिखाई दे रहे हैं, एक ऐसे बदलाव को दर्शाते हैं जो ढाँचागत, तकनीकी और वित्तीय—तीनों ही मामलों में समान रूप से हुआ है। मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, रेल सुरक्षा को प्रति अरब यात्री-किलोमीटर होने वाली मौतों या दुर्घटनाओं के आधार पर मापा जाता है; इससे अलग-अलग पैमाने वाले रेल तंत्रों के बीच तुलना करना संभव हो पाता है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 00507 गोमती नगर-वेरावल एवं वापसी गोमती नगर फुल टैरिफ रेट (एफ.टी.आर.) विशेष गाड़ी का संचलन गोमती नगर से वेरावल एवं वापसी गोमती नगर के लिये 19 से 26 अप्रैल तक किया जायेगा।



00507 गोमती नगर-वेरावल एवं वापसी गोमती नगर फुल टैरिफ रेट (एफ.टी.आर.) विशेष गाड़ी 19 अप्रैल को गोमती नगर से 16.30 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में, छठवें दिन 24 अप्रैल को वेरावल से 14.00 बजे प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 14 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 02 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

### नई संख्या से चलाई जायेंगी कुछ गाड़ियां

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए 14315/14316 बरेली-नई दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार कासगंज तक होने के फलस्वरूप कुछ गाड़ियां नई गाड़ी संख्या से चलाई जायेंगी। नई गाड़ी संख्या 14323 नई दिल्ली-रोहतक एक्सप्रेस 20 मई से नई गाड़ी संख्या 15305 से संचालित की जायेगी। 14324 रोहतक-नई दिल्ली एक्सप्रेस 20 मई से नई गाड़ी संख्या 15306 से संचालित की जायेगी। 14085 तिलक ब्रिज-सिरसा एक्सप्रेस 20 अप्रैल से नई गाड़ी संख्या 15307 से संचालित की जायेगी। 14086 सिरसा-तिलक ब्रिज एक्सप्रेस 21 अप्रैल से नई गाड़ी संख्या 15308 से संचालित की जायेगी।



### बच्चों को रेल म्यूजियम में रखी विरासत की दी गई जानकारी

गोरखपुर, अमृत विचार। विश्व धरोहर दिवस प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे पर भी रेलवे की ऐतिहासिक वस्तुओं को संजोकर रखने के लिए शुक्रवार को रेल म्यूजियम, गोरखपुर में विश्व धरोहर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए निबन्ध, सामान्य ज्ञान एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों के ज्ञान को परखा गया तथा उन्हें रेल म्यूजियम में रखे विरासत की जानकारी दी गई और धरोहरों के संरक्षण में भागीदारी देने एवं महत्व तथा विरासत को संजोकर रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

आयोजन | डीएम की अध्यक्षता में गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम आयोजित

# पात्रों को दिलाया जाया योजनाओं का लाभ

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड बर्डपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्डपुर ग्राम रमवापुर के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम में कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों में चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुनकर गांव में ही उसका समाधान कराया जाये। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि बार्डर एरिया के सभी गांवो में बेहतर नेटवर्क कनेक्टीविटी, सड़क आदि मुहैया कराया जाये। किसानों के गेंहू की खरीद सरकारी एमएसपी की दर पर हो। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले जिससे खाद, बीज व अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सकेगा। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। कहा कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए।



कार्यक्रम में बोलते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

## सीडीपीओ का बाबू घूस लेते पकड़ा गया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बाल विकास परियोजना कार्यालय भनवापुर में लम्बे समय से कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात मनीष कुमार द्वारा क्षेत्र के पटखौली नानकार गांव निवासी रवीन्द्र कौशल से उनकी पत्नी का आंगनबाड़ी में सहायिका के पद पर नियुक्ति के नाम पर 15000 रूपये घूस लेते हुए गुरुवार को एन्टी करप्सन टीम के हाथ चढ़ गया। बताया जाता है कि भनवापुर क्षेत्र निवासी ने आंगनबाड़ी मे सहायिका के पद पर नियुक्ति करने के लिए घूस मांगने को लेकर भ्रष्टाचार निवारण संगठन से मामले की शिकायत किया था। ट्रैप टीम पिछले कई दिनों से आरोपी बाबू के पीछे लगी हुई थी।

# भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष समेत दो गिरफ्तार

**संवाददाता, संतकबीरनगर।**

**अमृत विचार।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में जिला अस्पताल गेट के सामने टेंपो में सवारी बैठाने को लेकर हुए मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को एसडीएम सदर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें नियमित पेशी के आधार पर रिहा कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, बड़गो गांव निवासी बाबूलाल गौड़ ने 14 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर निकले जुलूस के समापन के बाद टेंपो में सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान कार सवार बड़गो गांव निवासी अजीत गौतम और अनई गांव के रहने वाले सूरज गौतम अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और उसके बेटों विशाल व विकास के साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ भी की, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना में बाबूलाल गौड़ और उनके दोनों बेटे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कलेक्ट्रेट चौकी पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं, घटना का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें मारपीट और हंगामा साफ दिखाई दे रहा है। भीड़ जुटने पर आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए कार को छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष सूरज गौतम, आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत गौतम और एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट व जानमाल की धमकी समेत



भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष सूरज गौतम व एक अन्य को गिरफ्तार कर कोर्ट ले जाती कोतवाली खलीलाबाद पुलिस।

